कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री खुशी राम मीना निवासी ग्राम चैनपुरा पोस्ट डोरोली तहसील कठूमर जिला अलवर जस्थान– 321606

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

अपील संख्या 90/2025

निर्णय

दिनांक 26.09.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बांदीकुई को प्राप्त पत्रों की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई को पत्र कमांकः डीएम/कोर्ट/2025/2402 दिनांक 29.08.2025 के द्वारा अपीलांट को वांछित सूचना अविलंब उपलब्ध कराने हेतु निर्देश प्रदान किये गये। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बांदीकुई दौसा ने पत्र कमांक:आरटीआई/2025 दिनांक 12.09.2025 के द्वारा अवगत कराया है कि अपीलांट के द्वारा ऑनलाईन आरटीआई आवेदन कमांक:272641601675059 के द्वारा पालीवाल स्कूल बिवाई के संबंध में कुछ बिन्दुओं की सूचना चाही गई थी। उक्त सूचना संबंधी रिकार्ड/दस्तावेज कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने के कारण प्रार्थी का आवेदन पत्र दिनांक 23.12.2024 को खारिज किया गया था जिसका ऑन लाईन जवाब प्रार्थी के पास मैसेज के द्वारा पहुँच गया था। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को सूचना की वस्तुस्थिति से अवगत करा दिया गया है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट खारिज योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट खारिज की जाती है। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

न्यायालय कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट दौसा

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

जिला कलक्टर दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.10.08 14:23:31 IST
Reason: SelfAttested